दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सांसद राधेश्याम राठिया 15 अगस्त को रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में करेंगे ध्वजारोहण

**रायगढ़।** 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया मुख्य अतिथि होंगे तथा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में प्रात:9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

### पति ने पत्नी की हत्या कर की आत्महत्या, आरोपित की मानसिक बीमारी बनी मौत की वजह

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कुडुमकेला नवाडीह गाँव में एक दंपत्ति का शव उनके घर कमरे में पड़े होने की सूचना घरघोड़ा पुलिस को मिली, जांच पर महिला के पति द्वारा पत्नी की हत्या कर फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सबूत मिले है। जानकारी के अनुसार मृतक पंचराम मांझी (40 वर्ष) ने 11 अगस्त की शाम से 12 अगस्त की सुबह के बीच अपने घर के बंद कमरे में अपनी पत्नी धरम कुमारी मांझी (34 वर्ष) की टांगी से गला काटकर हत्या कर दी और आरोपी ने उसी कमरे में म्यार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पंचराम मांझी की माँ पवित्र कुंवर मांझी (76 वर्ष) ने पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त उनके दोनों नाती रविनंद मांझी (12 वर्ष) और गंगा प्रसाद मांझी (5 वर्ष) उनके साथ थे। सुबह रविनंद ने अपनी माँ को मृत हालत में देखा और अपने पिता को फांसी पर लटका पाया। पवित्र कुंवर मांझी के अनुसार, उनका बेटा पंचराम मांझी पिछले तीन वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ था, और संभवतः इसी कारण से उसने यह घातक कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग जांच पर थाना घरघोड़ा में मृतक पंचराम मांझी पर अपराध क्रमांक 237/2024 धारा 103(1) बीएनएस दर्ज किया गया है।

### 15 अगस्त को मदिरा दुकान बंद रहेगा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने 15 अगस्त 2024 को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के संपूर्ण क्षेत्र में संचालित समस्त देशी, विदेशी और कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकान के कंपोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ), (सीएस-2 ग़ अहाता), (सीएस-2 घघ कंपोजिट अहाता), कंपोजिट मंदिरा दुकानों (सीएस-2 घघ कंपोजिट) तथा विदेशी मदिरा दुकानों (एफएल-1 ख अहाता), (एफएल-1 घघ) को मदिरा शुष्क अवधि घोषित किया है। इस अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### बिलाईगढ़ क्षेत्र में 14 अगस्त को होगा आधार, आयुष्मान, श्रम और पीएम विश्वकर्मा पंजीयन शिविर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ क्षेत्र में 14 अगस्त को आधार कार्ड अपडेट, आयुष्मान, श्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन शिविर बिलाईगढ़ के टाडापारा, बेलमुडी, बेलटीकरी, चन्द्रनगर, रमतला, धौराभाठा, सुतिउरकुली, धोबनी, जोगीडीपा, भिनोदा, जोगीडीपा, घोघरी, गारडीह, रोहिना, गारडीह, पीपरभावना, मल्दी, कोदवा, मडकडी, पेण्डावन, सिंघीटार, मोहतरा, बगलोटा जैतपुर, मिरचिद, बछौरडीह, बिसनपुर, तेन्दुभाठा, कोरकोटी, तौलीडीह, बिलाईगढ़ वार्ड नं-4,5,6, मण्डलपुर, सतभवन, मनपसार, ओटगन, बिलासपुर, ग्वाली, रायकोना, ठरकपुर, तिलाईपाली में आयोजित होगा।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी से निकली तिरंगा रैली



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी द्वारा तिरंगा बाइक और सायकल रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य विभावरी ठाकुर और व्यायाम शिक्षिका ममता साहू सहित अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों की टोली हाथ में तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि देशप्रेम के उल्लास, उमंग भरे नारों ने हरदी और आसपास क़े ग्रामीणों को देशप्रेम की भावना से सराबोर किया है।

# डेंगू नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता का काम, वार्डों के प्रभारी अधिकारी डोर टू डोर अभियान की करें मॉनिटरिंग- कलेक्टर

- ब्लड बैंकों में उपलब्ध रक्त यूनिट और कंपोनेंट की जानकारी ई रक्तकोश वेबसाइट में नियमित रूप से अपडेट करने के दिए निर्देश
- भीड़ वाले आयोजनों में समुचित सुरक्षा इंतजामों की हो व्यवस्था, कलेक्टर गोयल के निर्देश
- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक में डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के द्वारा डेंगू नियंत्रण के लिए की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों के लिए सोर्स रिडक्शन टीम के साथ जिला स्तरीय अधिकारी की भी ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारी अपनी टीम के साथ समन्वय बनाकर हर वार्ड में डेंगू के रोकथाम के लिए डोर टू डोर अभियान की फील्ड में निगरानी करें। डेंगू नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने केसीसी प्रकरणों में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने पर उप संचालक कृषि पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि स्वीकृति के लिए बाकी प्रकरणों को जल्द सैंक्शन दिलवाएं। साथ ही अपेक्स बैंक के अलावा दूसरे बैंकों से भी केसीसी के प्रकरणों को स्वीकृति दिलवाने के निर्देश उन्होंने दिए। कलेक्टर गोयल ने कहा कि अभी त्योहारों का समय आ रहा है। देवस्थलों में भारी भीड़ जुटती है। ऐसे में सभी एसडीएम और पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में ऐसे स्थान जहां भीड़ इक_ा होती है वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतें, सुरक्षा और लोगों के आवागमन को लेकर उस देवस्थल प्रबंधन व कार्यक्रम के आयोजकों से समन्वय बनाकर जरूरी व्यवस्था करवाएं।

कलेक्टर गोयल ने समाज कल्याण विभाग के पेंशन योजना के हितग्राहियों के डीबीटी के लिए आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर अपडेशन का काम पूरा अपडेट करने के निर्देश उप संचालक समाज कल्याण को दिए। उन्होंने इस कार्य में सीईओ जनपदों का सहयोग लेने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग के कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि जिले में शत-प्रतिशत पीडीएस दुकानों का ऑनलाइन संचालन होना है। उन्होंने खाद्य अधिकारी और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को यह सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

सितंबर माह से जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन शुरू होने जा रहा है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इसके पूर्व की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। प्रभारी सहायक आयुक्त महेश शर्मा ने बताया कि सितंबर माह से विद्यालय का संचालन शुरू होना है। इसके लिए लाइवलीहुड कॉलेज में व्यवस्था की गई है। कलेक्टर गोयल ने वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं छात्रों के आने से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर गोयल ने जल जीवन मिशन के कामों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ओवर हेड टैंक का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है। जो ठेकेदार इस काम में लापरवाही कर रहा है, उसके ऊपर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने विकासखंड वार कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। खरसिया विकासखंड में काम की धीमी गति पर वहां के एसडीओ को काम में सुधार लाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**ब्लड बैंकों में उपलब्ध ब्लड यूनिट की जानकारी करें नियमित अपडेट-** कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग के काम की समीक्षा करते हुए जिले में संचालित ब्लड बैंकों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए सभी ब्लड बैंकों में उपलब्ध रक्त यूनिट और उसकी मात्रा की जानकारी ई रक्तकोष वेबसाइट में नियमित रूप से अपडेट की जाए। उन्होंने धरमजयगढ़ और घरघोड़ा में ब्लड बैंक स्थापित किए जाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे दूर दराज के लोगों को भी इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर गोयल ने जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन अपनी निगरानी मजबूत रखें। अस्पताल में अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की गतिविधियों में संलिप्तता नहीं होनी चाहिए, सुरक्षा व्यवस्था का पूरा इंतजाम हो।

## कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अधिकारियों को दिलाई 'हर घर तिरंगा' अभियान की शपथ

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक में सभी जिला अधिकारियों को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ ली कि तिरंगा फहराकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करेंगे तथा भारत के विकास और प्रगति के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 09 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य देश के हर नागरिक को स्वतंत्रता की भावना से जोडऩा और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना है। तिरंगा न केवल एक राष्ट्रीय ध्वज है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और देशभक्ति का प्रतीक भी है। जब हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा, तो यह देश की एकता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देगा। सभी नागरिकों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें साझा करने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**रायगढ़**





जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल भी किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सलामी, राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 6वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सेना महिला एवं पुरूष बल, एनसीसी कैडेट की टुकडिय़ों, स्काउट द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। तत्पश्चात स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों में होगा विविध आयोजन

**रायगढ़**



महात्मा गांधी नरेगा के तहत रायगढ़ जिले के पुराने 91 अमृत सरोवर एवं वर्तमान में अमृत सरोवर के तर्ज पर बने 10 नवीन अमृत सरोवर स्थलों में आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम जैसे अमृत सरोवर स्थलों में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रीय गान का गायन, आमजन द्वारा ग्राम/ ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा का आयोजन, देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक का मंचन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु व्यापक वृक्षारोपण किये जाने, अमृत सरोवर स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाये जाने एवं सामूहिक परिचर्चा प्रश्नोत्तरी परिचर्चा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने हेतु राज्य शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं, तद्नुसार जिले में समस्त तैयारियां कर ली गयी हैं।

जिले में आमजन द्वारा ग्राम पंचायतों के मुख्य मार्गो से होते हुए अमृत सरोवर स्थलों को शामिल करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन से पूर्ण स्वच्छता अभियान सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता और हरियाली को स्थायी बनाये रखने हेतु अमृत सरोवर स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता को आत्मसात करते हुए प्रत्येक माह में कम से कम दो बार कचरा कलेक्शन के कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। इसी तरह इंटरैक्टिव सत्र का आयोजित कर प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, स्वतंत्रता दिवस के महत्व और पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व पर लोगों का ध्यान केन्द्रित करेंगे। इस तरह स्वतंत्रता दिवस के दिन अमृत सरोवर स्थल पर ग्राम पंचायत, स्कूल, कॉलेज, एसएचजी, सामुदायिक समूह अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। अमृत सरोवर स्थलों पर आयोजित गतिविधियों पर एक रिपोर्ट तैयार कर एवं रिपोर्ट में भाग लेने वाले लोगों की संख्या और स्थलों पर की गई गतिविधियों के विवरण के साथ-साथ गतिविधि के वीडियो और उच्च-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें अमृत सरोवर पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## अदरक की खेती से किसानों को मिलेगा अतिरिक्त लाभ -सांसद राधेश्याम राठिया

**रायगढ़**




लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ द्वारा ग्राम-छर्राटांगर में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण सह अदरक पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सांसद राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान सभी फसलों के उचित प्रबंधन एवं खेती से अपनी आय दुगुनी कर रहे है। रायगढ़ जिले में अदरक की खेती से किसान को अतिरिक्त लाभ मिलेगा और जिला मसाला हब बनने की दिशा में अग्रसर होगा। इस कार्य मे कृषि विज्ञान क्रेन्द्र रायगढ़ के वैज्ञानिकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ द्वारा उन्नत तकनीक से मसाला वर्गीय फसलों के विस्तार एवं प्रचार-प्रसार के पहल की भूरी-भूरी प्रसंसा की।

उल्लेखनीय है कि भारतीय सुपारी एवं मसाला निदेशालय कालीकट केरल द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर के तात्कालिक निदेशक प्रक्षेत्र डॉ.एस.एस.टुटेजा के मार्गदर्शन में पूरे छत्तीसगढ़ में अदरक की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ द्वारा प्रो-टे तकनीक द्वारा एक लाख पौध तैयार करके किसान को उपलब्ध कराया जा रहा है।

कृषि विज्ञान क्रेन्द्र रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत ने केन्द्र की योजनाओं और प्रो-टे तकनीक से अदरक उगाने के फायदे के संबंध मे विशेष जानकारी दी साथ ही कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता ने अदरक रोपण की विस्तृत जानकारी किसानो को दी। इस अवसर पर केन्द्र के के.डी.महंत.डॉ.के.एल.पटेल, आशुतोष एवं एन.के.पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## शिक्षक व्यवस्था की मांग लेकर पालक पहुंचे जनदर्शन, कलेक्टर ने बीईओ, बीआरसी पर कार्यवाही के दिए निर्देश

- विभिन्न मांगों और शिकायतों को लेकर जिले भर के जनसामान्य पहुंचे जनदर्शन

**रायगढ़**





कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में आज जिले भर से जनसामान्य विभिन्न मांगों और शिकायतों को लेकर पहुंचे थे। जहां कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को यथा शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम-भालूमार के शासकीय माध्यमिक शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालक स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि शाला में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने के कारण अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है। कलेक्टर गोयल ने मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुलाकर शिक्षकों की व्यवस्था आज पर्यन्त नहीं करने पर बीईओ, बीआरसी पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार लंबे समय से अनुपस्थित अध्यापिका का बर्खास्तगी हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में पतरापारा धरमजयगढ़ के मोहल्ले वासी शिकायत आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उराव एवं चिकवा जाति के आदिवासी हैं तथा विगत चार पीढ़ी से मिशन पतरा पारा धरमजयगढ़ में निवासरत हैं, लेकिन वर्तमान में एक अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा एवं पट्टा की बात कही जा रही है, जबकि उक्त भूमि में उनका कभी कब्जा नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से पट्टा प्राप्त किया है। उन्होंने जांच कर पट्टा निरस्त करने की मांग की। मोहल्लेवासियों ने बताया कि उक्त भूमि पर उनके परिवार का कब्जा रहा है। शिकायत आवदेन पर कलेक्टर गोयल ने एसडीएम धरमजयगढ़ को विवादित खसरों का मिसल से मिलान करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए।

विकास खंड घरघोड़ा के ग्राम फगुरम निवासी अजय बैटरी चलित ट्राइसाइकिल की मांग लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे 80 प्रतिशत दिव्यांग है। जिससे आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बैटरी चलित ट्राइसाइकिल की प्रदान करने हेतु निवेदन किया। इसी प्रकार विकास खंड खरसिया के ग्राम बड़े देवगांव निवासी जितेन्द्र कुमार ट्राय साइकिल की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ट्राइसाइकिल मिलने से आवाजाही में आसानी होगी। उन्होंने ट्राइसाइकिल हेतु आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने समाज कल्याण विभाग को आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। विकास खंड रायगढ़ के ग्राम पंचायत भेलवा टिकरा के ग्रामवासी सरपंच सचिव की शिकायत लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि गांव के स्कूल में जलजमाव की स्थिति निर्मित है। जिससे डेंगू एवं जल जनित रोग होने की संभावना है। जिसकी निकासी की व्यवस्था नहीं की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन एवं अनियमितता बरती गई है। ग्रामवासियों ने निर्माण कार्यों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया। कलेक्टर गोयल ने सीईओ जनपद रायगढ़ को उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। विकासखंड रायगढ़ के ग्राम टारपाली निवासी रूकमणी अपने परिवार के राशन कार्ड बनवाने हेतु जनदर्शन पहुंची थी। उन्होंने कहा कि कार्ड नहीं होने के कारण राशन प्राप्त राशन प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे दिक्कत हो रही है। उन्होंने अति शीघ्र कार्ड बनवाने का आग्रह किया। इसी प्रकार रायगढ़ के कौहाकुंडा निवासी रामस्वरूप मेहर बरसाती पानी की निकासी हेतु नाली निर्माण की मांग लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनो में मोहल्ले में बारिश का पानी भर जाता है। जिससे आवाजाही प्रभावित होती है। उक्त दोनों आवेदनों पर कलेक्टर गोयल ने निराकरण हेतु आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480